# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 30/09/2024 |
| Exam Time | 9:00 AM - 11:00 AM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** रिया अपनी सभी वस्तुओं पर 12% की छूट प्रदान करती है और नकद भुगतान करने वाले ग्राहकों को 6% का अतिरिक्त छूट प्रदान करती है। एक ग्राहक को ₹2,400 अंकित मूल्य वाले पंखे के लिए कितना भुगतान करना होगा यदि वह नकद भुगतान करता है?

**Ans** A). ₹2,300.50 B). ₹1,900 C). ₹2,122.50 D). ₹1,985.28

**Correct Answer: D**

**Q.2** अतुल ने ₹19,200 प्रति बोरी की दर से दो बोरी चावल बेचे। एक पर उसे 20% का लाभ हुआ और दूसरे पर उसे 20% की हानि हुई। पूरे सौदे में उसका लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात करें।

**Ans** A). 5% हानि B). 7% लाभ C). 8% लाभ D). 4% हानि

**Correct Answer: D**

**Q.3** एक समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $\frac{\sqrt{5043}}{4}\ cm^2$ है। समबाहु त्रिभुज की भुजा की लंबाई कितनी है?

**Ans** A). $\sqrt{41}$ cm B). $\sqrt{47}$ cm C). $\sqrt{29}$ cm D). $\sqrt{23}$ cm

**Correct Answer: A**

**Q.4** A और B की वर्तमान आयु का अनुपात 3 : 1 है। पांच वर्ष पहले, उनकी आयु का अनुपात 5 : 1 था। आठ वर्ष बाद A की आयु (वर्ष में) कितनी होगी?

**Ans** A). 40 B). 30 C). 22 D). 38

**Correct Answer: D**

**Q.5** एक चोर, एक पुलिसकर्मी को देखता है और वह 18 m/s की चाल से भागने लगता है। 12 सेकंड बाद, पुलिसकर्मी एक निश्चित चाल से चोर के पीछे दौड़ना शुरू करता है। यदि पुलिसकर्मी चोर तक पहुंचने के लिए 864 मीटर की दूरी तय करता है, तो पुलिसकर्मी की चाल (m/s में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 15 B). 24 C). 30 D). 28

**Correct Answer: B**

**Q.6** 5 वर्षों के लिए 7% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1050 B). 1090 C). 990 D). 1010

**Correct Answer: A**

**Q.7** एक सम षट्भुज का क्षेत्रफल $2048\sqrt{3}\ cm^2$ है। षट्भुज की प्रत्येक भुजा की लंबाई (cm में) ज्ञात करें।

**Ans** A). $32\sqrt{3}$ B). $64\sqrt{3}$ C). $\frac{32\sqrt{3}}{3}$ D). $\frac{64\sqrt{3}}{3}$


**Correct Answer: D**

**Q.8** एक कॉलेज में, लड़कों की संख्या का 20% लड़कियों की संख्या के तीन-चौथाई के बराबर है। उस कॉलेज के लड़कों और लड़कियों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 15 : 4 B). 13 : 4 C). 7 : 6 D). 5 : 3

**Correct Answer: A**

**Q.9** निम्नलिखित दंड आलेख 2018 - 2020 की अवधि के दौरान 4 कंपनियों X, Y, Z और W द्वारा सीमेंट के उत्पादन (10,000 टन में) को दर्शाता है। दंड आलेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए।
3 वर्षों के दौरान किस कंपनी का औसत उत्पादन अधिकतम रहा?




**Ans** A). X B). Y C). Z D). W **Correct Answer: A**

**Q.10** ₹43/kg और ₹67/kg मूल्य वाले चावलों को तीसरी किस्म के चावल के साथ 2 : 1 : 5 के अनुपात में मिलाया जाता है। यदि मिश्रण का मूल्य ₹96/kg है, तो तीसरी किस्म के चावल का प्रति kg मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 131 B). 123 C). 159 D). 142 **Correct Answer: B**

**Q.11** एक व्यक्ति एक वस्तु को एक निश्चित मूल्य पर बेचता है और उसे 20% की हानि होती है। यदि वह वस्तु को ₹100 अधिक पर बेचे, तो उसे 30% का लाभ प्राप्त होता है। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 300 B). 250 C). 400 D). 200 **Correct Answer: D**

**Q.12** 3 cm त्रिज्या वाले 20 एकसमान ठोस अर्धगोलों को पिघलाकर एक बड़ा ठोस अर्धगोला बनाया जाता है। यदि इस प्रक्रिया के दौरान 20% ठोस बर्बाद हो जाता है, तो बनाए गए सबसे बड़े अर्धगोले की त्रिज्या (cm में) कितनी है?

**Ans** A). $6\sqrt[3]{2}$ B). $6$ C). $3$ D). $3\sqrt{2}$ **Correct Answer: A**

**Q.13** तीन संख्याएं 6 : 7 : 3 के अनुपात में हैं और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 3654 है। उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) ________ है।

**Ans** A). 87 B). 28 C). 29 D). 27 **Correct Answer: A**

Q.14 दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।

दी गई तालिका चार वर्षों के लिए किसी कंपनी में विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों में शामिल किए गए नए कर्मचारियों की संख्या और इन श्रेणियों के प्रत्येक वर्ष कंपनी छोड़ने वाले कर्मचारियों की संख्या को दर्शाती है।

| वर्ष | प्रबंधक | | तकनीशियन | | लेखाकार | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नए शामिल | छोड़ गए | नए शामिल | छोड़ गए | नए शामिल | छोड़ गए |
| 2001 | 280 | 120 | 260 | 50 | 200 | 100 |
| 2002 | 300 | 92 | 340 | 160 | 228 | 95 |
| 2003 | 310 | 150 | 450 | 200 | 254 | 125 |
| 2004 | 420 | 120 | 480 | 180 | 260 | 120 |

वर्ष 2001 और 2004 के बीच की अवधि के दौरान, कंपनी छोड़ने वाले तकनीशियनों की कुल संख्या कंपनी में शामिल होने वाले तकनीशियनों की कुल संख्या का कितना प्रतिशत (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) है?

Ans A). 35% B). 39% C). 24% D). 29% **Correct Answer: B**

Q.15 148 m और 152 m लंबी दो ट्रेनें समानांतर पटरियों पर क्रमशः 62 km/h और 46 km/h की चाल से एक-दूसरे की ओर बढ़ रही हैं। जिस क्षण वे आपस में मिलेंगी, उससे कितने समय बाद वे एक दूसरे को पार कर लेंगी?

Ans A). 20 सेकंड B). 15 सेकंड C). 10 सेकंड D). 5 सेकंड **Correct Answer: C**

Q.16 5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर निवेश की गई एक धनराशि 6 वर्षों में बढ़कर ₹806 हो जाती है। यदि धनराशि समान रहे, तो 12% साधारण ब्याज की दर से 5 वर्षों में यह कितनी हो जाएगी?

Ans A). ₹992 B). ₹1,000 C). ₹1,120 D). ₹985 **Correct Answer: A**

Q.17 6 वर्षों के लिए 7% प्रति वर्ष की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1510 B). 1470 C). 1430 D). 1410 **Correct Answer: B**

Q.18 एक परिवार का वर्ष के पहले तीन महीनों के दौरान औसत मासिक व्यय ₹8,600 था, अगले चार महीनों के दौरान ₹9,750 था और आखिरी पांच महीनों के दौरान ₹9,920 था। यदि वर्ष के दौरान कुल बचत ₹65,300 थी, तो परिवार की औसत मासिक आय (₹ में) कितनी थी?

Ans A). 14,975 B). 15,794 C). 15,479 D). 14,597 **Correct Answer: A**

Q.19 100 अंकों की एक परीक्षा में, 50 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों का औसत 65 पाया गया। बाद में, यह ज्ञात होता है कि 88 के प्राप्तांक को गलती से 68 पढ़ लिया गया था। सही औसत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 65.50 B). 65.60 C). 65.40 D). 65.70 **Correct Answer: C**

**Q.20** A और B की औसत मासिक आय ₹3,590 है। B और C की औसत मासिक आय ₹4,250 है। A और C की औसत मासिक आय ₹6,500 है। C की मासिक आय क्या है?

**Ans** A). ₹7,545 B). ₹6,984 C). ₹8,190 D). ₹7,160 **Correct Answer: D**

## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

**Q.1** 7, किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 30 से संबंधित है। 14, समान तर्क का अनुसरण करते हुए 100 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 22, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 189 B). 180 C). 190 D). 170 **Correct Answer: B**

**Q.2** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**-12, + 24, - 48, + 96, ?, + 384**

**Ans** A). -192 B). -108 C). 108 D). 96 **Correct Answer: A**

**Q.3** सात लोग A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। C, E के ठीक दाएँ बैठा है। D, C के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। B और C का निकटतम पड़ोसी A है। F, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है।


A के सापेक्ष में G का स्थान क्या है?

**Ans** A). ठीक बाएँ ओर B). दाएँ से दूसरा C). बाएँ से दूसरा D). बाएँ से तीसरा **Correct Answer: D**


**Q.4** एक कूट भाषा में, 'COLONY' को '48' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'INTERCHANGE' को '88' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'MOUNTAIN' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?


**Ans** A). 64 B). 66 C). 86 D). 84 **Correct Answer: A**


**Q.5** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 


B). 

C). 

D). 

**Correct Ans: B**

**Q.6** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

**Q.7** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**ACE, FHJ, KMO, PRT, ?**

**Ans** A). GJK B). BCD C). UWY D). NOP

**Correct Answer: C**

**Q.8** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | C | K | C | K | 8 | △ | P | K | P | K | 8 | |
| P | ↑ | 8 | △ | P | Z | ⌓ | Z | 8 | ↑ | ⌓ | C | ? |
| △ | ⌓ | Z | ⌓ | ↑ | A | ↑ | A | C | A | Z | △ | |

**Ans**

A).

| | | |
|---|---|---|
| △ | ⌓ | K |
| P | C | 8 |
| ↑ | A | Z |

B).

| | | |
|---|---|---|
| ↑ | P | K |
| A | Z | ⌓ |
| 8 | △ | C |

C).

| | | |
|---|---|---|
| ↑ | ⌓ | K |
| A | C | 8 |
| Z | △ | P |

D).

| | | |
|---|---|---|
| ↑ | 8 | C |
| A | K | ⌓ |
| Z | △ | P |

**Correct Answer: C**

**Q.9** यदि निम्नलिखित समीकरण में '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो इस समीकरण में' ?' के स्थान पर क्या आएगा?

**39 ÷ 3 – 24 + 60 × 12 = ?**

**Ans** A). 190 B). 136 C). 163 D). 86

**Correct Answer: B**

**Q.10** दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्धारित कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा, कथन (कथनों) का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**कोई बस, कार नहीं है।**
**कोई कार, ट्रक नहीं है।**

**निष्कर्ष:**
**(I) कोई कार, बस नहीं है।**
**(II) कोई ट्रक, कार नहीं है।**

**Ans** A). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है। B). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। C). दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं। D). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**Correct Answer: C**

**Q.11** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।

**(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)**

**(4, 35, 11)**
**(1, 82, 61)**

**Ans** A). (21, 310, 23) B). (8, 33, 15) C). (13, 53, 20) D). (2, 53, 6)

**Correct Answer: C**

**Q.12** सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। A, E के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D और A के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। B, G के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। F, B का निकटतम पड़ोसी है। E के बाईं ओर से गिनती करने पर D और E के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). तीन B). एक C). दो D). चार

**Correct Answer: C**

**Q.13** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।


कथन:
कुछ चूजे, मुर्गियाँ हैं।
कोई मुर्गी, अंडा नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई चूजा, अंडा नहीं है.
(II) सभी मुर्गियाँ, चूजे हैं।


**Ans** A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है  B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है  C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
D). दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं


**Correct Answer: C**


**Q.14** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जो पैटर्न को पूरा करने के लिए नीचे दी गई आकृति में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

**Q.15** JM12, EH15 से एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। उसी प्रकार, QT34, LO37 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए SV 23 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). NQ26  B). MP26  C). NP27  D). MQ27

**Correct Answer: A**

**Q.16** एक कूट भाषा में, 'CAKE' को 'ACIG' के रूप में लिखा जाता है और 'GOLD' को 'EQJF' के रूप में लिखा जाता है। इसी कूट भाषा में भाषा में 'WIRE' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). GUKP  B). UKPG  C). GPUK  D). GUPK

**Correct Answer: B**

**Q.17** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर HFLI एक निश्चित प्रकार से OMSP से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार KIOL, RPVS से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए MKQN निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). TRUX  B). RTUX  C). RTXU  D). TRXU

**Correct Answer: D**

**Q.18** निम्नलिखित समीकरण में यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
5 ÷ 6 × 3 – 4 + 11 = ?

**Ans** A). 14  B). 7  C). 11  D). 3

**Correct Answer: D**

**Q.19** किसी निश्चित कूट भाषा में, ‘WING’ को ‘2618’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और ‘NEAT’ को ‘3469’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में ‘N’ के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 8  B). 1  C). 6  D). 3

**Correct Answer: C**

**Q.20** एक निश्चित कूट भाषा में, ‘I swim fast’ को ‘cp lk bs’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और ‘may I go’ को ‘ap sb lk’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस कूट भाषा में ‘I’ को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है?

**Ans** A). bs  B). lk  C). sb  D). cp

**Correct Answer: B**

Section : **General**

**Q.1** 1976 में, अनुच्छेद 51A के तहत भारतीय संविधान के किस भाग में मौलिक कर्तव्य शामिल किए गए थे?

Ans A). V B). IV A C). III D). VI

Correct Answer: B

**Q.2** कनक रेले, जिन्होंने नालंदा नृत्य अनुसंधान केंद्र (Nalanda Dance Research Centre) की स्थापना की, भारत के निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य शैली की कलाकार थीं?

Ans A). मणिपुरी B). मोहिनीअट्टम C). कथक D). सत्रिया

Correct Answer: B

**Q.3** निम्नलिखित में से किस राजवंश ने चौदहवीं शताब्दी में विजयनगर साम्राज्य की स्थापना की थी?

Ans A). तुलुव राजवंश B). सुलुव राजवंश C). अराविदु राजवंश D). संगम राजवंश

Correct Answer: D

**Q.4** इंदौर घराने की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की?

Ans A). उस्ताद अमीर खान B). उस्ताद घघे खुदा बख्श C). तानसेन D). भीमसेन जोशी

Correct Answer: A

**Q.5** भारत के साथ कितने देश अपनी भूमि सीमाएँ साझा करते हैं?

Ans A). सात B). छह C). आठ D). नौ

Correct Answer: A

**Q.6** भारत के किस हिस्से में ठंडी पर्वतीय जलवायु पाई जाती है?

Ans A). दक्षिणी B). पूर्वी C). पश्चिमी D). उत्तरी

Correct Answer: D

**Q.7** 3 अगस्त 2023 को फार्मेसी (संशोधन) विधेयक, 2023 को लोकसभा में पेश किया गया था, जो ____________ को संशोधित करता है।

Ans A). फार्मेसी अधिनियम, 1949 B). फार्मेसी अधिनियम, 1947 C). फार्मेसी अधिनियम, 1950 D). फार्मेसी अधिनियम, 1948

Correct Answer: D

**Q.8** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन प्रसिद्ध स्थल मौसिनराम (Mawsynram) के संबंध में सही है/हैं?

**A. यह पृथ्वी पर सबसे आर्द्र स्थान (wettest place) है।**
**B. यह भारत के मेघालय राज्य में स्थित है।**

Ans A). केवल A सही है। B). केवल B सही है। C). A और B दोनों सही हैं। D). न तो A और न ही B सही है।

Correct Answer: C

**Q.9** 31 अक्टूबर 2023 तक की स्थिति के अनुसार, 17वीं लोकसभा में सबसे वरिष्ठ सदस्य (आयु के संदर्भ में), शफीकुर रहमान बर्क (Shafiqur Rahman Barq) किस राजनीतिक दल का प्रतिनिधित्व करते हैं?

Ans A). समाजवादी पार्टी B). भारतीय जनता पार्टी C). भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस D). राष्ट्रीय जनता दल

Correct Answer: A

**Q.10** 2011 की जनगणना के अनुसार किस केंद्र शासित प्रदेश की साक्षरता दर न्यूनतम थी?

Ans A). दिल्ली B). चंडीगढ़ C). लक्षद्वीप D). दादरा और नगर हवेली

Correct Answer: D

**Q.11** निम्न से कौन-सा पद्म पुरस्कारों का घटता क्रम क्या है?

Ans A). पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्म श्री B). पद्म भूषण, पद्म श्री, पद्म विभूषण C). पद्म श्री, पद्म विभूषण, पद्म भूषण D). पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण

Correct Answer: A

**Q.12** टमाटर का लाल रंग _______ की उपस्थिति के कारण होता है।

Ans A). लिमोनीन (limonene) B). एलिज़रीन (alizarin) C). लाइकोपीन (lycopene) D). बीटा कैरोटीन (beta carotene)

Correct Answer: C

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सी पूँजीगत वस्तुओं (capital goods) की विशेषताओं में से एक है?

Ans A). वे निम्नस्तरीय वस्तुएँ होती हैं। B). वे सस्ती होती हैं। C). वे टिकाऊ होती हैं। D). वे घटिया वस्तुएँ होती हैं।

Correct Answer: C

**Q.14** पंजाब ने किस तारीख को विधान-परिषद (Legislative Council) को भंग (abolish) कर दिया था?

Ans A). 1 जनवरी 1970 B). 1 जनवरी 1977 C). 1 जनवरी 1975 D). 1 जनवरी 1971

Correct Answer: A

**Q.15** संजना बथुला (Sanjana Bathula) किस खेल से जुड़ी हैं?

Ans A). स्क्वाश (Squash) B). रोलर स्केटिंग (Roller skating) C). बैडमिंटन (Badminton) D). शूटिंग (Shooting)

Correct Answer: B

**Q.16** महिला प्रीमियर लीग प्रतियोगिता 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की कप्तान कौन थी?

Ans A). हरमनप्रीत कौर B). शैफाली वर्मा C). स्मृति मंधाना D). दीप्ति शर्मा

Correct Answer: C

**Q.17** **लोसर (Losar), किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में नव वर्ष की शुरुआत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है?**

**Ans** A). बिहार B). केरल C). नई दिल्ली D). लद्दाख **Correct Answer: D**

**Q.18** **मौर्य वंश का संस्थापक कौन था?**

**Ans** A). विक्रमादित्य B). चन्द्रगुप्त मौर्य C). बिंदुसार D). अशोक **Correct Answer: B**

**Q.19** **के.एम. मुंशी का ऐतिहासिक उपन्यास 'द ग्लोरी ऑफ पाटन (The Glory of Patan)' मूल रूप से किस भारतीय भाषा में लिखा गया था?**

**Ans** A). गुजराती B). मलयालम C). तमिल D). बंगाली **Correct Answer: A**

**Q.20** **हल्दी में निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक यौगिक मौजूद होता है?**

**Ans** A). कैप्साइसिन (capsaicin) B). करक्यूमिन (curcumin) C). कैरोटीन (carotene) D). टार्टरिक अम्ल (tartaric acid) **Correct Answer: B**

**Q.21** **निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक दादाभाई नौरोजी द्वारा लिखी गई है?**

**Ans** A). इकनोमिक्स हिस्ट्री ऑफ इंडिया (Economics History of India) B). पॉवर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया (Poverty and Un-British Rule in India) C). इम्पॉर्टेंट चेप्टर्स ऑफ पॉवर्टी (Important Chapters of Poverty) D). पॉवर्टी एंड इंडिया (Poverty and India) **Correct Answer: B**

**Q.22** **कृषि का रबी ऋतु अक्टूबर-नवंबर में शुरू होती है और __________ में समाप्त होती है।**

**Ans** A). मार्च-अप्रैल B). मई-जून C). जनवरी-फरवरी D). जून-जुलाई **Correct Answer: A**

**Q.23** **निम्नलिखित में से किस अधिनियम से भारत में प्रांतीय प्रशासन में द्वैध शासन प्रणाली (system of dyarchy) की शुरुआत हुई?**

**Ans** A). 1919 का भारत सरकार अधिनियम B). 1935 का भारत सरकार अधिनियम C). 1947 का भारत सरकार अधिनियम D). 1909 का भारत सरकार अधिनियम

**Correct Answer: A**

**Q.24** **मध्यकालीन भारतीय वास्तुकला शैली के संदर्भ में, 'पच्चीकारी (Pietra Dura)' क्या है?**

**Ans** A). मौर्य काल की मूर्तिशिल्प कला B). दीवारों को उपरत्नों (semi-precious stones) से बने हुए पुष्प डिजाइनों से सजाना C). ताज महल की दीवारों पर तैल चित्रण (Oil paintings) D). मुगलों द्वारा उपयोग किए जाने वाले उत्तम गुणवत्ता के वस्त्र **Correct Answer: B**

**Q.25** **सोडियम बाइकार्बोनेट (sodium bicarbonate) का रासायनिक सूत्र क्या है?**

**Ans** A). NaOH B). $NaHCO_3$ C). NaCl D). $Na_2CO_3$ **Correct Answer: B**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**My secretary is disposed of / discuss everything in great detail / before she begins / the actual work.**

**Ans** A). the actual work. B). My secretary is disposed of C). before she begins D). discuss everything in great detail **Correct Answer: B**

**Q.2** **The following sentence has been divided into four segments. One of them contains an error. Select the segment that contains the error from the given options.**
**Neither Smith / nor Rose / were in / the classroom.**

**Ans** A). the classroom B). Neither Smith C). nor Rose D). were in **Correct Answer: D**

**Q.3** **Select the option that correctly rectifies the underlined spelling error.**
**The rainbow only appears after a hurican.**

**Ans** A). hurrecane B). hurrecain C). hurrican D). hurricane **Correct Answer: D**

**Q.4** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**The workers had been repairing / the mall road in / town for / several days now.**

**Ans** A). The workers had been repairing B). town for C). several days now D). the mall road in **Correct Answer: A**

**Q.5** **Select the most appropriate synonym of the word 'pursue' from the given sentence.**
**Dr. Kalam's success in the field of science has inspired young Indians to dream big and chase those dreams with immense hard work.**

**Ans** A). chase B). inspired C). success D). immense **Correct Answer: A**

**Q.6** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Surrender B). Disgust C). Trifle D). Consicstent

**Correct Answer: D**

**Q.7** **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Ecstatic**

**Ans** A). Interested B). Happy C). Angry D). Shocked

**Correct Answer: B**

**Q.8** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a phrasal verb error.**

**Mrs. Premlatha asked / Malini to hand down / all the / payment slips.**

**Ans** A). payment slips B). Mrs. Premlatha asked C). Malini to hand down D). all the

**Correct Answer: C**

**Q.9** **Select the option that correctly rectifies the underlined spelling error.**
**The <u>accideent</u> on the highway caused a long traffic jam.**

**Ans** A). acicdent B). accidnt C). accident D). acident

**Correct Answer: C**

**Q.10** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Cultural heritage is the lifeblood of any ________ and serves as a link between generations.**

**Ans** A). birthright B). lethargy C). believe D). civilisation

**Correct Answer: D**

**Q.11** **Select the most appropriate synonym of the underlined word.**
**The project's tight deadline and complex requirements made it a <u>grueling</u> task for the team.**

**Ans** A). Inclusive B). Accessible C). Empowering D). Challenging

**Correct Answer: D**

**Q.12** **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Energy**

**Ans** A). Speed B). Power C). strife D). Frailty

**Correct Answer: B**

**Q.13** **Select the most appropriate synonym of the underlined word.**
**The detective's job was to <u>discern</u> the truth from the web of lies.**

**Ans** A). Confuse B). Fabricate C). Perceive D). Ignore

**Correct Answer: C**

**Q.14** **Select the sentence that has a grammatical error.**

**Ans** A). We watches movies every Friday night. B). The sun rises in the east. C). She always eats healthy meals. D). He works as a software developer.

**Correct Answer: A**

**Q.15** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Accepting how wonderful you truly are and incorporating this _______ into your attitude and personality is perhaps one of the most difficult things to do in life.**

**Ans** A). folly B). craziness C). insight D). glitch

**Correct Answer: C**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Please listen to all announcements _______.**

**Ans** A). hungrily B). easily C). generally D). attentively

**Correct Answer: D**

**Q.17** **Select the most appropriate verb form to fill in the blank.**

**Arun __________ his bicycle to school every day.**

**Ans** A). riding B). ride C). rode D). rides

**Correct Answer: D**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**He is _________ tired to finish his homework.**

**Ans** A). to B). more C). too D). most

**Correct Answer: C**

**Q.19** **What does it imply when people say to 'read between the lines'?**

**Ans** A). To read something fast B). To skip initial and final lines in a paragraph C). To avoid detailed information D). To read with an ability to infer the meaning

**Correct Answer: D**

Q.20 **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**A piece of cake**

**Ans** A). A cake which is sold as a piece B). A slice of cake for eating C). A cake that broke into pieces D). Easy to do or achieve

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

My next pet, Ari, was a pigeon. He became convinced that he was not a bird at all and refused to ____ 1 ___. If he wanted to get on a table or a chair, he stood below it, cooing until someone picked him up. He would even try to come ____ 2____ walks with us. This, however, we had to stop for, _____ 3____ you carried him on your shoulder or else you let him walk behind. If you let him walk, you had to slow down your own ______ 4_____ to suit his, for should you get too far ahead, you would find him running after you, cooing frantically, his chest pouted out with ______5_____.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21 Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). fly B). file C). flea D). read

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

My next pet, Ari, was a pigeon. He became convinced that he was not a bird at all and refused to ____ 1 ___. If he wanted to get on a table or a chair, he stood below it, cooing until someone picked him up. He would even try to come ____ 2____ walks with us. This, however, we had to stop for, _____ 3____ you carried him on your shoulder or else you let him walk behind. If you let him walk, you had to slow down your own ______ 4_____ to suit his, for should you get too far ahead, you would find him running after you, cooing frantically, his chest pouted out with ______5_____.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22 Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). in B). by C). at D). on

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

My next pet, Ari, was a pigeon. He became convinced that he was not a bird at all and refused to ____ 1 ___. If he wanted to get on a table or a chair, he stood below it, cooing until someone picked him up. He would even try to come ____ 2____ walks with us. This, however, we had to stop for, _____ 3____ you carried him on your shoulder or else you let him walk behind. If you let him walk, you had to slow down your own ______ 4_____ to suit his, for should you get too far ahead, you would find him running after you, cooing frantically, his chest pouted out with ______5_____.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23 Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). either B). ever C). neither D). never

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

My next pet, Ari, was a pigeon. He became convinced that he was not a bird at all and refused to ____ 1 ___. If he wanted to get on a table or a chair, he stood below it, cooing until someone picked him up. He would even try to come ____ 2____ walks with us. This, however, we had to stop for, _____ 3____ you carried him on your shoulder or else you let him walk behind. If you let him walk, you had to slow down your own ______ 4_____ to suit his, for should you get too far ahead, you would find him running after you, cooing frantically, his chest pouted out with ______5_____.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). piece B). pace C). peace D). space

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

My next pet, Ari, was a pigeon. He became convinced that he was not a bird at all and refused to ____ 1 ___. If he wanted to get on a table or a chair, he stood below it, cooing until someone picked him up. He would even try to come ____ 2____ walks with us. This, however, we had to stop for, _____ 3____ you carried him on your shoulder or else you let him walk behind. If you let him walk, you had to slow down your own ______ 4_____ to suit his, for should you get too far ahead, you would find him running after you, cooing frantically, his chest pouted out with ______5_____.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). intimation B). inclination C). indignation D). ignition

**Correct Answer: C**